



## एक नजर में



### एक ही दिन में हुए 9 शिक्षक सेवानिवृत्त

**नवभारत भैरूंदा.** शिक्षकों की कमी से जूझ रहे शिक्षा विभाग से एक परेशानी वाली खबर सामने आई जिसमें एक साथ नौ शिक्षक सेवानिवृत हुए. इस रिक्तता को भरने के लिए शिक्षा विभाग को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा. तब कहीं जाकर शिक्षा सुचारू शुरू हो सकेगी या शिक्षा विभाग को सेवानिवृत शिक्षकों की रिक्तता को पूरा करने के लिए अतिथि शिक्षकों का भी सहारा लेना पड़ सकता है. गत दिवस माध्यमिक शाला बचगांव के लक्ष्मी नारायण पटेल, प्राथमिक शाला हमदगंज से कैलाश चंद मीणा, माध्यमिक शाला छीपानेर से नरेंद्र पंवार, माध्यमिक शाला रानीपुरा से अनुराग चौहान, प्राथमिक शाला बड़ोदिया से सियाराम मीणा, माध्यमिक शाला खात्याखेड़ी से पदम सिंह मीणा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कृष्णा अग्रवाल व फातिमा बेगम तथा शासकीय हाई स्कूल बगवाड़ा से लखन लाल पंवार, शिक्षा विभाग में लंबी सेवा के उपरांत सेवानिवृत हुए.




### नपाध्यक्ष ने किया बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण

**नवभारत सीहोर.** नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के जन्मदिन पर जहां शहर में अनेकों आयोजन हुए. वहीं नपाध्यक्ष श्री राठौर द्वारा स्थानीय लेवर कॉलोनी के शासकीय माध्यमिक शाला सरदार पटेल स्कूल में छात्रों के बीच पहुंचे और बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर आदि शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया. श्री राठौर ने छात्रों से अपना लक्ष्य निर्धारण करने तथा शहर को स्वच्छ बनाने हेतु कचरा वेरियर के लिए शाला के छात्रों को नियुक्त कर नगर को पूर्ण रूप से स्वच्छ व सुन्दर बनाने की अपील की. शाला प्रभारी ममता मालवीय द्वारा सरदार पटेल उद्यान वाटिका, छत मरम्मत, शौचालय व मैदान की सफाई तथा बाउण्ड्री वाल की मरम्मत के लिए आवेदन दिया गया. नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने शीघ्र उक्त कार्य कराये जाने का आश्वासन दिया. कार्यक्रम में पार्षद प्रदीप गौतम, विनय भटेले, सफीक मियां, रागनी बिसोरिया, रेहाना खान, नफीसा बी आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार व्यास ने किया एवं आभार श्रीमती संध्या भटेले ने व्यक्त किया.



### महाविद्यालय में नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**नवभारत भैरूंदा.** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया. प्राचार्य मधुरेन्द्र बेनसन ने कहा कि आप सभी हमारे कॉलेज परिवार का हिस्सा बनकर आए हैं और हम आपके उज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं. यह संस्थान आपको सिर्फ तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी तैयार करेगा. विद्यार्थियों को कॉलेज के इतिहास, संरचना और उपलब्ध सुविधाओं जैसे आधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और खेलकूद सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई. प्रशासनिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नामांकन प्रक्रिया, शुल्क संरचना, छात्रवृत्ति योजनाओं और परीक्षा प्रणाली के नियमों से अवगत कराया. इसके अतिरिक्त, सभी विभागों के प्रमुखों ने अपने-अपने विभागों और संकाय सदस्यों का परिचय कराया.

### ताला तोड़ते ही गिर गई पुराने जर्जर मकान की दीवार

**नवभारत सीहोर.** पुराने खतरनाक घोषित मकान की दीवार तेज बारिश के बाद भरभरा कर गिर गई है. जर्जर मकान के कारण पड़ोसी नागरिक ल बे समय से भयभीत बने हुए हैं. नागरिकों ने मकान के कभी भी गिरने का अंदेशा जताया है. यह दो सौ साल पुराना दो मंजिला मकान वार्ड 28 चरखा लाईन सराफा बाजार में स्थित है. सुरक्षा के लिए जर्जर मकान पर नपा द्वारा पक्का मकान निर्माण कार्य रोकने के लिए नोटिस जारी किए था. जिसके बाद बीते दिनों नपा कर्मियों के द्वारा ताला भी लगाया गया था. दूसरे दिन ही अतिक्रमणकारी ने नियम कानून और जानमाल के नुकसान को तांक पर रखकर नपा के कर्मचारियों के द्वारा लगाया गया ताला भी तोड़ दिया था. जिस के कुछ देर बाद ही मकान की दीवार धराशायी हो गई थी. मकान मालिक इंग्लिशपुर निवासी वृद्धा कलावती शर्मा पत्नि स्वर्गीय जुगलकिशोर शर्मा ने नपा से खतरनाक घोषित मकान पर बुलडोजर चलाकर गिराने और अतिक्रमणकारी पर सख्त कानूनी कार्रवाही किए जाने की मांग की है.

# जिले में होगा 1440 करोड़ रुपये का निवेश

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज आद्योगिक इकाईयों का करेंगे भूमिपूजन, 1165 रोजगार के नए अवसर

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 औद्योगिक इकाईयों को देंगे आशय पत्र
- अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्श्रण

नवभारत न्यूज

**सीहोर. जिले को शनिवार को करोड़ों रुपए की सौगात मिलने जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार को मुख्यालय समीपस्थ औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में आ रहे हैं. है. कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री डॉ यादव लगभग 1406 करोड़ रुपए निवेश की औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे.**

शनिवार का दिन जिले के लिए काफी अहम व एतिहासिक होगा. प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव जिला मुख्यालय के बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में करोड़ों रुपए की औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन करेंगे. कार्यक्रम में औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि के आशय पत्र भी वितरित किए जाएंगे, जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रुपए का निवेश होगा. इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना और विकास को गति प्रदान करना है. इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में 1165 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे.




सीहोर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर कुछ इस तरह सजाया गया औद्योगिक क्षेत्र बडियाखेड़ी.

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में 04 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे. इन इकाइयों में जिले में लगभग 1406 करोड़ रुपए का निवेश होगा और 854 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे. जिन औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन होगा उनमें ये इकाइयां शामिल हैं. वान्यावेदा ग्रीन्स जो झिलेला में 20.020 हेक्टेयर में स्थापित होगी. इसमें 115 करोड़ रुपए के निवेश से फ्रूट निर्माण इकाई स्थापित होगी. जिससे 100 लोगों को रोजगार मिलेगा. इसी प्रकार बारमॉल्ट माल्टिंग इंडिया (बड़ियाखेड़ी फेस.2) 10.250 हेक्टेयर में स्थापित होगी. इसमें 400 करोड़ रुपए के निवेश से देश की सबसे बड़ी माल्ट निर्माता कंपनी की इकाई स्थापित होगी. जिससे 350 लोगों को रोजगार मिलेगा.

इसी प्रकार सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन में 18.260 हेक्टेयर में 888 करोड़ रुपए के निवेश से एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसफार्मर इकाई स्थापित होगी जिसमें 394 लोगों को रोजगार मिलेगा. इसी प्रकार श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज (बड़ियाखेड़ी) सीहोर 0.476 हेक्टेयर में 3 करोड़ रुपए के निवेश से बेवरेजेज निर्माण इकाई स्थापित होगी. जिससे 10 लोगों को रोजगार मिलेगा.

### इन औद्योगिक इकाईयों को वितरित होंगे आशय पत्र

मुख्यमंत्री डॉ यादव बढ़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में 06 औद्योगिक इकाइयों को आशय पत्र वितरित करेंगे, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल है. इन इकाइयों में सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा और 311 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे.

### सीएम के साथ विधायक भी करेंगे उद्योगपतियों से संवाद

बड़ियाखेड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ विधायक सुदेश राय शनिवार को औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन करने के बाद उद्योगपतियों से विधानसभा क्षेत्र में उद्योग लगाने को लेकर संवाद करेंगे. बड़ियाखेड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए पहले से हीं विधायक सुदेश राय के द्वारा उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है. परिणाम स्वरूप जिलों को करोड़ों का निवेश मिलने जा रहा है. जल्दी ही औद्योगिक इकाइयां का लाभ हजारों नागरिकों को मिलेगा. विधायक सुदेश राय ने कहा कि बडियाखेड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में औद्योगिक इकाइयों की संख्या में इजाफा होने जा रहा है. सैकड़ों बेरोजगार को नियमित रोजगार मिलेगा. कार्यक्रम के दौरान नवीन औद्योगिक इकाइयों के लिए उन्हे मांग पत्र प्रदान करेंगे.

## पहले बंद पड़ी शुगर मिल को चालू कराएं



**सीहोर.** मुख्यमंत्री मोहन यादव के आज सीहोर आगमन को लेकर जिला कांग्रेस की प्रतिक्रिया सामने आई हैं. जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री सीहोर आकर कई बड़ी औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे. उन्होंने कहा कि इस इंडस्ट्रीयल एरिया में पहले भी कई उद्योगों का भूमिपूजन किया गया था, लेकिन कई इकाईयां धरातल पर नहीं उतर सकीं. इसके अलावा सैकड़खेड़ी के पास स्थित दौलतराम इंडस्ट्रीज का कारखाना भी अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है. पंकज शर्मा ने कहा कि सीएम जिन इकाईयों का भूमिपूजन करने आ रहे हैं. उनसे लिखित में इकाई शुरू करने का गारंटी पत्र लें क्योंकि कई बार उद्योगपति इकाई के नाम पर सरकारी जमीन लेकर बाद में उद्योग स्थापित नहीं करते हैं और वो जमीन यूं ही पड़ी रहती है. इसलिए गारंटी पत्र बहुत जरूरी है. उन्होंने सीहोर के जन प्रतिनिधियों को आड़े हाथों लेते हुए उनको झूठी वाहवाही लूटने और श्रेय की राजनीति न करने की सलाह देते हुए कहा कि यह क्षेत्र इछावर विधानसभा के अंतर्गत आता है. सीहोर के विकास के लिए अगर कुछ ठोस काम करना है, तो उनको बंद पड़ी शुगर मिल को दोबारा प्रारंभ कराना चाहिए.

# आखरी सांस तक जेल में सड़ेगा बस चालक

- स्कूल से लौटते वक्त मासूम के साथ की थी गंदी हरकत
- निजी स्कूल की बस चलाता था दुष्कर्म का आरोपी

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** प्रायवेट स्कूल में अध्ययनरत केजी वन की छात्रा के साथ स्कूल बस के चालक द्वारा गंदी हरकत करने के मामले में पाक्सो न्यायाधीश श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर ने बस चालक रामकृष्ण पंवार आ. माखन पंवार निवासी ग्राम बाईसाद तहसील भैरूंदा को शेष प्राकृत जीवनकाल तक का कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया है. मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्रीमती रेखा यादव द्वारा की गई थी.

अभियोजन के बताए अनुसार गत 15 दिसम्बर 23 को मासूम बच्ची को लेकर उसके माता पिता महिला थाने पहुंचे. उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री भैरूंदा के एक प्रायवेट स्कूल में केजी वन की छात्रा है. दिनांक 13 दिसम्बर 23 को मेरी पुत्री स्कूल से जब घर लौटी तो मैंने पुत्री के कपड़े धोने के लिए उठाए तो उस पर खून लगा दिखा. पीड़िता से जब मां ने खून के बारे में पूछा तो उसने डरते हुए बताया कि घटना दिनांक 13 दिसम्बर को स्कूल से लौटते वक्त जब सारे बच्चे सातदेव मोड़ पर उतर गए थे और वह बस में अकेली थी तब आरोपी रामकृष्ण ने बस के अंदर उसके साथ गंदी हरकत की. आरोपी बस चालक ने उसे धमकी दी कि घर में किसी को बताया तो मार डालूंगा. पीड़िता की मां ने अपने पति, सास और जेठानी को पूरी घटना बताई. इसके बाद वह थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची. पुलिस ने 16 दिसम्बर को आरोपी बस चालक रामकृष्ण पंवार को गिरफ्तार करते हुए बस को जब्त कर लिया. धारा 164 के तहत पीड़िता के न्यायालय में बयान दर्ज किए गए. पुलिस द्वारा जांचापरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए विशेष न्यायाधीश श्रीमती स्मृतासिंह ठाकुर ने आरोपी स्कूल बस चालक रामकृष्ण पंवार को शेष प्राकृत जीवनकाल तक का कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया है. मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्रीमती रेखा यादव द्वारा की गई थी.

## छात्र-छात्राओं को दिया सिविल डिफेंस प्रशिक्षण

**सीहोर.** जिला होमगार्ड कार्यालय में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के 64 एनसीसी छात्र-छात्राओं को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को सिखाया कि बाढ़ की स्थिति से कैसे निपटा जाए. इंप्रोवाइज्ड इक्विपमेंट कैसे तैयार किए जाएं. उनका उपयोग कैसे किया जाए. इसके साथ ही जिले में उपलब्ध बाढ़ आपदा प्रबंधन संबंधी उपकरणों की जानकारी भी दी गई. डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्रीमती नीलमणी लड़िया ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रथम उपचार, सीपीआर, हवाई हमले के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया तथा टोल फ्री नंबर 1070 एवं 1079 के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई



## दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया बालक डूबा

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** शुक्रवार की दोपहर अपने दो दोस्तों के साथ सीवन नदी के बैंगन घाट पर नहाने गया 15 वर्षीय बालक नदी के गहरे पानी में डूब गया.

सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन शाम तक उसका पता नहीं चल सका. शनिवार को एक बार फिर तलाशी अभियान चलाया जाएगा.

जानकारी के अनुसार स्थानीय देवनगर कालोनी निवासी राजाराम यादव का 15 वर्षीय बेटा आयुष शुक्रवार को अपने दो दोस्तों के साथ सीवन नदी में नहाने के लिए गया था. बताया जाता है गहरे पानी में जाने से वह डूब गया. उसकी तलाश में शाम तक अभियान चलाया गया. शनिवार को फिर उसकी तलाश प्रारंभ की जाएगी.

# खंबे पर काम कर रहे युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** नज़दीक शाहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सागपुर में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई मृतक यूवक की पहचान विनोद कुशवाह उम्र 26 साल निवासी भोपाल के रुप में हुई है जो खंबे पर चढ़कर 11 केवी की लाइन पर कार्य कर रहा था.

घटना शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे की बताई गई है प्रत्यक्षदर्शी वीरू कुशवाह ने बताया कि यूवक खंबे के ऊपर चढ़कर कार्य कर रहा था इस दौरान धमाके की आवाज सुनाई दी और अचानक युवक झूले पर नीचे लटक गया जिसे रस्सी के सहारे उतारा गया युवक की हालत गंभीर होने पर घटना की जानकारी कंपनी को दी गई जिसमे उसे कंपनी के वाहन से बुधनी सिबिल अस्पताल लाया गया। जिसमें युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी घटना की जानकारी पुलिस ओर परिजनों को दी गई है जिसमे मृत युवक के परिजन बुधनी सिविल अस्पताल पहुंच गए हैं इस घटना में युवक की मौत करंट लगने की आशंका जताई जा रही है फिलहाल पुलिस इस मामले में बारीकी से जांच कर रही है।

बता दें राजलक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें पुराने खंबो को शिफ्ट करने का कार्य चल रहा था। इस दौरान ये हादसा घटित हो गया. सूत्रों की मानें तो विद्युत संबंधी कार्य के दौरान आवश्यक संसाधनों का अभाव बना रहता है.

## राजस्व मंत्री व प्रभारी मंत्री आज आएंगे

**सीहोर.** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 2 अगस्त को प्रात: 11 बजे पहुंचेंगे और सीहोर के बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र पर आयोजित औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा दोपहर 1:30 बजे इछावर तहसील के ग्राम चैनपुरा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके पश्चात दोपहर 02 बजे ग्राम चैनपुरा से प्रस्थान करेंगे. इसी तरह जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर 2 अगस्त को प्रात: 11 बजे सीहोर पहुंचेंगी और बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र पर औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी. मंत्री श्रीमती गौर दोपहर 12. 30 बजे भोपाल प्रस्थान करेंगी.

# पिस्टल के साथ युवक ने थाने में बनाया वीडियो



- ग्राम रक्षा समिति का सदस्य बताया जाता है उक्त युवक
- सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शन करने पर लायसेंस किया रद्द

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** थाना परिसर में पिस्टल लेकर घूमते युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मीडिया ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था. उक्त वीडियो में दो शख्स थाना परिसर में घूमते हुए देखे गए थे.

एसडीओपी रवि शर्मा ने कहा कि रेहटी थाना अंतर्गत ग्राम सोयत निवासी स्वरूप पिता सुमेरसिंह यादव रेहटी ग्राम रक्षा समिति का सदस्य है. जो अपने साथ लाइसेंसी हथियार लेकर थाना परिसर में घूमते दिखाई दे रहा है. एसडीओपी शर्मा ने कहा कि पूर्व में 26 जून को आयोजित ग्राम तथा नगर सुरक्षा समिति के अनुभाग स्तरीय सम्मेलन के दौरान बनाई वीडियो क्लीपिंग को जोड़कर बनाया गया था. 31 जुलाई को जैसे ही ये मीडिया के माध्यम से वीडियो संज्ञान में आया. इस मामले में व्यक्ति द्वारा अशोभनीय आचरण करने पर तत्काल ग्राम रक्षा समिति से हटाया गया है और सोशल मीडिया पर वायरल रील को डिलीट करवाया गया है. सार्वजनिक स्थान पर हथियार के प्रदर्शन को लेकर शस्त्र लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही की जा रही है.

**निरीक्षण** कलेक्टर व एसपी ने सीवन नदी घाट का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

# कावड़ यात्रा के दौरान टैंकर उपलब्ध कराएंगे शुद्ध जल

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** नगर के सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक 6 अगस्त को कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. यह कावड़ यात्रा सीवन नदी घाट से प्रारंभ होकर कुबेरेश्वर धाम पहुंचेगी. कलेक्टर बालागुरू के तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कावड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए सीवन नदी घाट एवं कावड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया.



कलेक्टर बालागुरू के ने कावड़ यात्रा के दौरान सीवन नदी घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने और उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए घाट पर मोटरबोट एवं अन्य संसाधनों के साथ होमगार्ड जवानों एवं अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने सीवन नदी घाट एवं कुबेरेश्वर धाम पर फायर ब्रिगेड, फायर फाइटर, साफ-सफाई आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देश दिए हैं. कावड़ यात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर शुद्ध पेयजल के टैंकर की उपलब्धता के भी निर्देश दिए हैं. एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को कावड़ यात्रा के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

आगामी छह अगस्त को निकाली जाने वाली भव्य कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की जाएगी. इसके अलावा दो दर्जन से अधिक डीजे शामिल किए गए हैं. इसमें प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बाबा डीजे, झारखंड से सार्जन डीजे, उत्तरप्रदेश के रावण डीजे, एमजे साउंड मेरठ, दिल्ली से कसाना डीजे, छत्तीसगढ़ पावर जोन, देव आडिया, महाराष्ट्र के प्रशांत डीजे, गुजरात के त्रिनेत्र डीजे, श्याम बैंड इंदौर, धुमाल भिलाई रहेंगे.


## कार्यालय नगर परिषद शाहगंज जिला सीहोर मध्यप्रदेश

Email- cmoshahganj@mpurban.gov.in

क्रमांक/ 1004

शाहगंज दिनांक : 01.08.2025

**निविदा-सूचना ( प्रथम आमंत्रण )**

निम्न कार्य हेतु निकाय द्वारा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर 02 .08 .2025 से 01 .09 .2025 तक डाउनलोड की जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं। निविदा संशोधित होने की स्थिति में वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी समाचार पत्र में नहीं।

| निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD _441483 | Survey, Soil investigation, Design and Construction of<br>a) Construction of Jack well of 4 m dia. and 10 m height at Narmada River with 200 mm DI K-9 Pumping lengh 140m with, Submerged Pump motor Set (1 W + 1S) for jack well application for pumping water up to 14m head, 38 LPS with pipes (200 mm dia. DI K-9) fittings, all valves, NRV etc. Motor starter, MCC, cable, APFC panel, earthing cable tray complete in all respect with all allied Electromechanical and civil requierments Submerged pump motor Set up for Jack well application for pumping water up to 14m head 38 LPS etc.<br>b) Providing, laying, jointing, testing, commissioning of clear water pumping main having length of 50 m of dia 150mm and of DI k-7 pipe excavation, refilling, road cutting/dismantling, restoration, providing valves and specials and fitting all complete.<br>c) Construction of overhead reservoires having capacities of 400 KL and staging height of 18 m at WTP Campus.<br>d) Providing, laying, jointing, testing, commissioning of distribution network having length of 3106m of dia 110mm-160mm and of HDPE PN 6 pipe including excavation, refilling, road cutting/dismantling, restoration, providing valves, specials and fittings all complete.<br>e) Providing house servies connections 500 Nos<br>f) Supply Installation, testing and commissioning of PLC- SCADA including cost of SCADA server Comprising of Licensed SCADA software on Desktop Computer and PLC programming and accessories required for monitoring and controlling of water suppy system | 161.02 लाख | 80,510 /- | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार | 12 माह | 12500/- |

अध्यक्ष
नगर परिषद शाहगंज

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद शाहगंज